

## ताम्बरम और कोयम्बटूर के बीच विशेष ट्रेनें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दुर्गा पूजा, दिवाली और आगामी त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए ताम्बरम–कोयम्बटूर सेक्टरों में विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

ट्रेन संख्या 06184 ताम्बरम–कोयम्बटूर साप्ताहिक त्यौहार स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार 11 , 18 , 25 अक्टूबर, 01 , 08 , 15 , 22 , 29 नवंबर को 18.00 बजे ताम्बरम से रवाना होगी और अगले दिन 08.10 बजे कोयम्बटूर पहुंचेगी। इस ट्रेन की आठ सेवाएं चलेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 06185 कोयंबटूर–तांबरम साप्ताहिक त्यौहार स्पेशल प्रत्येक रविवार को 13 , 20 , 27 अक्टूबर, 03 , 10 , 17 , 24 नवंबर, 01 दिसंबर को 23.45 बजे कोयंबटूर से रवाना होगी और अगले दिन 12.30 बजे तांबरम पहुंचेगी। इस ट्रेन में 1–एसी टू टियर कोच, 2–एसी थ्री टियर कोच, 12–स्लीपर क्लास कोच, 3–सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच और 2–द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) कोच होंगे।

## तमिलनाडु सरकार का सैमसंग इंडिया के आंदोलनकारी कर्मचारियों से तुरंत काम पर लौटने का आग्रह



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स कारखाने के आंदोलनकारी श्रमिकों से अन्य कर्मचारियों और उनके परिवारों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए तत्काल काम पर लौटने का मंगलवार को आग्रह किया। उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा ने मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले दो दिन में प्रबंधन और श्रमिकों के साथ अलग–अलग बातचीत की है।

राजा ने कहा कि क्या कर्मचारियों द्वारा केवल इसलिए अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखना उचित है क्योंकि वे सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स' (सीआईटीयू) समर्थित यूनियन का श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण नहीं करा पाए हैं। राजा ने कहा, हम सभी जानते हैं कि संघ मान्यता का मुद्दा विचाराधीन है। हम अभी इसपर चर्चा नहीं कर सकते। सरकार आपके साथ है, मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन आपके साथ हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए तुरंत काम पर लौट जाना चाहिए। वेतन संशोधन, बेहतर कार्य स्थितियों और सीटू समर्थित यूनियन को मान्यता देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सैमसंग इंडिया के कुल 1,750 कर्मचारियों में से 1,100 कर्मचारी नौ सितंबर से श्रीपेरम्बदूर में हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा, ''जब हमने कारखाने में काम कर रहे कर्मचारियों से मुलाकात की तो उन्होंने जारी हड़ताल के कारण अपनी नौकरी खोने की आशंका जाहिर की।''



# तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने 38,698 करोड़ रुपये के 14 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न कंपनियों के 38,698.80 करोड़ रुपये के 14 निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वित्त मंत्री तंगम तेन्नारासु ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। यहां सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक में भाग लेने के बाद मंत्री ने कहा कि नए निवेश से लगभग 46,931 नए रोजगार सृजित होने की संभावना है।

निवेश प्रस्ताव वाहन, इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, हरित ऊर्जा, दूरसंचार उपकरण और उन्नत विनिर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों के हैं। नई परियोजनाएं 12 जिलों में आने वाली हैं। इसमें रानीपेट जिले में टाटा मोटर्स की कार और स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन विनिर्माण सुविधा शामिल है, जिस पर 9,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे 5,000 नए रोजगार सृजित होने की संभावना है। होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप, जिसे फॉक्सकॉन के नाम से जाना जाता है, अपनी समूह फर्म के माध्यम से 13,180 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है, जिससे कांचीपुरम में इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जा विनिर्माण सुविधा के लिए 14,000 नौकरियां पैदा होंगी।

लीफ ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने तिरुनेलवेली जिले में एक हरित हाइड्रोजन इकाई स्थापित करने के लिए 10,375 करोड़ रुपये का निवेश निर्धारित किया है, जिससे क्षेत्र में 3,000 नौकरियां पैदा होंगी। ताइवान स्थित किंग शूज ने अरियालुर जिले में एक गैर–चमड़े के फुटवियर कारखाने की स्थापना के लिए 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तमिलनाडु में इस तरह के निवेश से उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियाँ और औद्योगिक उत्पादन भी बढ़ रहा है।

## भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 150 दिनों के भीतर गिर जाएगी : तमिलनाडु कांग्रेस नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ईवीकेएस एलंगोवन ने सोमवार को कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार 150 दिनों से अधिक नहीं चलेगी। इरोड विधानसभा क्षेत्र से विधायक एलंगोवन ने कहा, एग्जिट पोल को छोड़ दें, तो यह सच है कि कांग्रेस हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में अगली सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में भारी अंतर से जीतेगी, साथ ही उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर विधानसभा में भाजपा का कोई विधायक नहीं होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दावा किया कि, भाजपा जम्मू–कश्मीर में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्राकृतिक आपदाओं के दौरान तमिलनाडु को कोई राहत राशि नहीं दे रही है, जबकि जीएसटी के रूप में राज्य से करोड़ों रुपये इकट्ठा किए गए हैं।

एलंगोवन ने आरोप लगाया कि जब भी तमिलनाडु राहत राशि की मांग करता है, तो केंद्र सरकार ऐसे व्यवहार करती है जैसे पैसा उनकी जेब से भेजा जा रहा हो। केंद्र सरकार के दिल में तमिलनाडु और यहां के लोगों के लिए कोई मानवता नहीं है।

तमिलनाडु में कांग्रेस डीएमके के साथ गठबंधन में है और 234 सदस्यीय विधानसभा में उसके 18 विधायक हैं। हालांकि, एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली कैबिनेट में पार्टी का कोई सदस्य नहीं है। तमिलनाडु से कांग्रेस के नौ लोकसभा सदस्य भी हैं।



## कोझिकोड में बस हादसे में एक की मौत, कई घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में करीब 50 यात्रियों को ले जा रही कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस मंगलवार को थिरुवंबाडी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बस सड़क किनारे एक दीवार से टकराई और पास की एक नदी में पलट गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब दो बजे हुई और सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## यूडीएफ की युवा इकाई ने मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी में विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के घटक दलों की युवा इकाईयों ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से, मलप्पुरम से संबंधित उनके बयानों और कुछ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के आरएसएस से कथित संबंधों को लेकर इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को राज्य विधानसभा परिसर के करीब पहुंचने से रोकने के लिए अवरोधक लगाए तथा उन्हें तितर–बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए लेकिन निशाना चूक गया। युवक कांग्रेस, यूथ लीग और आरवाईएफ के कार्यकर्ताओं समेत प्रदर्शनकारियों ने विरोध जारी रखा। उन्होंने पुलिस पर लाठियां और अन्य सामान फेंके और अवरोधकों को गिराने का प्रयास किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर यातायात जाम कर दिया। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

## केरल सरकार ने केंद्र से वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए सहायता में तेजी लाने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को राज्य विधानसभा को बताया कि वायनाड जिले के चूरलमाला और मुंडक्कई में हुए विनाशकारी भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए मांगी गई सहायता राशि केंद्र सरकार ने अब तक प्रदान नहीं की है। राज्य के वायनाड जिले में 30 जुलाई को विनाशकारी भूस्खलन हुआ था। विजयन ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से यथाशीघ्र विशेष वित्तीय सहायता जारी करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया है।

नियम 300 के तहत जारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष में अतिरिक्त सहायता के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी आगे की सहायता के लिए सीधी अपील की गई है। उन्होंने उल्लेख किया कि विभिन्न क्षेत्रों में अनुमानित नुकसान 1,200 करोड़ रुपये से अधिक है और इन अनुमानों के आधार पर अतिरिक्त सहायता के लिए केंद्रीय दिशानिर्देशों के अनुसार एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया है। विजयन ने कहा, विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया जा चुका है, लेकिन आपदा राहत के तहत आवश्यक विशेष वित्तीय सहायता राज्य को अब तक प्राप्त नहीं हुई है। इसलिए, तीन अक्टूबर को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में केंद्र सरकार से यथाशीघ्र विशेष वित्तीय सहायता जारी करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''भूस्खलन से मलबा पुन्नापुझा नदी के माध्यम से आठ किलोमीटर की दूरी तक बह गया। पर्वतीय क्षेत्रों में खड़ी ढलान ने भूस्खलन के कारण मलबे के प्रवाह की तीव्रता को बढ़ा दिया। अनुमान है कि मलबा 100.8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ा।'' उन्होंने बताया कि पुन्नापुझा नदी की चौड़ाई मूल रूप से 20 से 40 मीटर के बीच थी, लेकिन भूस्खलन के कारण यह बढ़कर 200 से 300 मीटर तक हो गई और पुंचिरिमट्टम, मुंडक्कई, चूरलमाला और अट्टामला के इलाके तबाह हो गए।

विजयन ने कहा कि मलप्पुरम में आपदा क्षेत्र और चालियार नदी से कुल 231 शव और 222 मानव अंग बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इस त्रासदी में 17 परिवारों के 58 लोगों की जान चली गई।

## इंडोस्पेस की तमिलनाडु में लॉजिस्टिक्स व वेयरहाउस पार्कों में 4,500 करोड़ रुपये तक का निवेश बढ़ाने की योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

INDOSPACE

**चेन्नई/मुंबई।** लॉजिस्टिक्स पार्क परिचालक इंडोस्पेस की योजना तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स तथा वेयरहाउस पार्कों में 4,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विनिर्माण क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करना है। कंपनी बयान के अनुसार, इंडोस्पेस ने तमिलनाडु में नए लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउस पार्कों में अपने निवेश को 4,500 करोड़ रुपये तक बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। ये पार्क राज्य में मोटर वाहन और इलेक्ट्रॉनिक जैसे बढ़ते विनिर्माण क्षेत्रों का समर्थन करेंगे।

इंडोस्पेस ने कहा, इस निवेश से 8,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होने के अलावा आर्थिक वृद्धि में तेजी आने तथा राज्य के पहले से ही विश्वसनीय औद्योगिक बुनियादी ढांचे के और मजबूत होने की उम्मीद है। इंडोस्पेस ने पिछले साल तमिलनाडु सरकार के साथ राज्य के लॉजिस्टिक्स उद्योग में 2,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

एवरस्टोन ग्रुप के उपाध्यक्ष (रियल एस्टेट) राजेश जग्गी ने कहा, ''तमिलनाडु सरकार के साथ हाल ही में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन सहित हमारे मौजूदा निवेश, वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति के रूप में राज्य की क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को दर्शाती हैं।''



# आइए, हम अधिक सक्षम और पूर्ण आत्मनिर्भर वायुसेना की दिशा में प्रयास जारी रखें : वायुसेना प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने मंगलवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) से वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे पुनः संगठित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वैश्विक सुरक्षा का माहौल लगातार बदल रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायुसेना की आवश्यकता को दर्शाया है। इसलिए, भारतीय वायुसेना को हमारे राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

भारतीय वायुसेना के 92वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर यहां के निकट ताम्बरम स्थित वायुसेना स्टेशन पर परेड की समीक्षा करने के बाद उन्होंने कहा, नवोन्मेष और लीक से हटकर सोच के साथ नवीनतम प्रौद्योगिकी को अपनाना, आज के बहु–क्षेत्रीय वातावरण में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। सिंह ने कहा कि पिछले साल वायुसेना ने परिचालन की क्षमताओं को मजबूत करने, अपने पेशेवर रुख को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की और निरंतर विकसित होते चुनौतीपूर्ण आधुनिक युद्ध को लेकर खुद को उसके अनुकूल ढालने का प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि वायुसेना दिवस पूर्व और वर्तमान के वायुसेना योद्धओं के 'साहस' और 'शौर्य' को सम्मान देने, अपना जीवन बलिदान करने वालों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है।

सिंह ने कहा, ''हम राष्ट्र की सेवा के लिए खुद को एक बार फिर समर्पित करते हैं। हमें पिछले वर्षों का आत्म अवलोकन भी करना चाहिए। अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाना चाहिए, उन क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए जहां हम कम पड़ गए। हमें उनसे सबक सीखना चाहिए और वर्तमान तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को तैयार करना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''वैश्विक सुरक्षा का माहौल लगातार बदल रहा है। मौजूदा संघर्ष एक मजबूत एवं सक्षम वायुसेना की आवश्यकता को दर्शाते हैं। इसलिए वायु सेना को हमारे राष्ट्रीय हितों को चुनौती देने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।'' इस साल के वार्षिक दिवस के विषय – ''भारतीय वायु सेना : सक्षम, सशक्त, आत्मनिर्भर'' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह हमारी आकांक्षाओं का सटीक वर्णन करता है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में हम बेहतर प्रौद्योगिकी के साथ अधिक सशक्त हुए हैं और अपनी प्रणाली एवं हथियारों के परिचालन उपयोग के नए स्तर हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछला साल काफी व्यस्तता भरा था और वायुसेना ने विभिन्न मोर्चों पर अपनी क्षमता साबित की।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि 2024 में वायुसेना ने मित्र देशों की वायु सेनाओं के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में अपनी भागीदारी का विस्तार किया। उन्होंने कहा, हमने 61 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की धरती पर सबसे बड़ा बहु–राष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' भी आयोजित किया जिसमें 30 से अधिक देशों की वायु सेनाओं ने भाग लिया। 'तरंग शक्ति' का पहला चरण तमिलनाडु के सुलूर में जबकि दूसरा चरण अगस्त और सितंबर के महीने में राजस्थान के जोधपुर में आयोजित हुआ था। 'तरंग शक्ति' को सबसे बड़ा बहुपक्षीय हवाई अभ्यास'' बताया गया जिसमें देश की रक्षा क्षमता का प्रदर्शन किया गया तथा भाग लेने वाली सेनाओं को अंतर–संचालन को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान किया गया।

सिंह ने कहा कि तरंग शक्ति अभ्यास के दौरान अभ्यास की समग्र व्यवस्था और संचालन की 'काफी प्रशंसा' की गई और यह वायु सेना योद्धाओं की क्षमता और 'पेशेवर' अंदाज का प्रमाण है। सिंह ने कहा, ''हम भारत और विदेश में मानवीय सहायता और आपदा राहत के किसी भी मामले में हमेशा सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले रहे हैं। पिछले एक साल में वायुसेना को कई स्थानों पर बाढ़ राहत प्रदान करने जबकि कुछ अन्य स्थानों पर जंगल की आग को बुझाने में मदद के लिए बुलाया गया।'' उन्होंने कहा कि वायुसेना ने सीमा से परे जाकर कई देशों में राहत एवं निकासी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा, इस साल मार्च में व्यापारिक जहाज एमवी रुएन का बचाव हमारी रणनीतिक पहुंच और कौशल का प्रदर्शन था। सिंह ने कहा कि अपने कर्मियों और उनके परिवारों का कल्याण तथा खुशहाली वायुसेना के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता'' का विषय है। उन्होंने कहा, वायुसेना सभी को अनुकूल कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

एयर चीफ मार्शल ने पिछले साल की उपलब्धियों के बारे में कहा, हमारा प्राथमिक उद्देश्य समय पर हथियारों की आपूर्ति करना है और इस क्षमता को फरवरी 2024 में पोखरण रेंज में वायु शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रदर्शित किया गया था। उन्होंने इस अवसर पर शानदार परेड के लिए अधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित रहे।

समारोह में वायु शक्ति और एएलएच एमके–4, सी–295 परिवहन विमान, आकाश मिसाइल रक्षा प्रणाली, एचटीटी–40 और रोहिणी रडार जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का शानदार प्रदर्शन किया गया। तेजस हल्के लड़ाकू विमान, सुखोई–30 एमकेआई और पिलाटस समेत विभिन्न विमानों ने हवा में करतब दिखाए। सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम और सारंग हेलीकॉप्टर टीम ने अपने रोमांचक प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### चेन्नई में परेड ग्राउंड पर वायुसेना के तीन कर्मी बेहोश हुए

**चेन्नई।** वायुसेना के तीन कर्मी मंगलवार को यहां वायुसेना स्टेशन तांबरम में सालगिरह परेड में हिस्सा लेने के दौरान संभवत: अत्यधिक थकान के कारण बेहोश हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। ये जवान वायुसेना की 92वीं सालगिरह के जश्न के तहत मार्च पास्ट के लिए परेड ग्राउंड पर एकत्रित टुकड़ी का हिस्सा थे। तीनों जवान मार्च पास्ट के लिए इकट्ठा होने के कुछ ही देर बाद बेहोश हो गए। जवानों को प्राथमिक उपचार दिया गया। अधिकारी ने बताया कि तीनों जवानों की हालत स्थिर है। जैसे ही वे बेहोश हुए, और उनके हाथ में पकड़ी राइफलें भी जमीन पर गिर पड़ीं, बाहर मौजूद वायुसेना के अन्य कर्मी उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाने के लिए दौड़े। जिस टुकड़ी का वे प्रतिनिधित्व कर रहे थे, उसकी पंक्ति में उनका स्थान तुरंत उनके सहकर्मियों ने ले लिया। इस अवसर पर मार्च पास्ट का निरीक्षण करने के लिए मौजूद वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शानदार रस्मी परेड के लिए अधिकारियों को बधाई दी।

